Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide insurance claims to anguished farmers from insurance companies under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Churu, Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): माननीय सभापति जी, मैं आपके सामने मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू में आने वाली नौहर, भादरा और रावतसर तहसील का बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं।... **(व्यवधान)** प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत इन तीनों ब्लॉक्स में रबी का 550 करोड़ रुपये का क्लेम वर्ष 2020-21 का बनता है। तीन महीने हो गए हैं, बीमा इंश्योरेंस कंपनी आज तक किसानों को क्लेम नहीं दे रही है। भारत सरकार और राज्य सरकार ने अपना प्रीमियम जमा करा दिया है। इन किसानों को पिछले तीन महीने से इंतजार कराया जा रहा है। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी आए दिन नए बहाने बनाती है। बीमा पॉलिसी का प्रावधान है कि अगर लेट पेमेंट देते हैं तो 12 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा।... **(व्यवधान)**

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बीमा कंपनी को पाबंद करके नौहर, भादरा और रावतसर के किसानों को उनके हक का पैसा दिलाया जाए।... (व्यवधान)